श्री अजय कुमार साहनी
मुख्य सतर्कता अधिकारी

भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई, 2008) के श्री अजय कुमार साहनी ने 16 अक्टूबर 2023 को तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के पद का कार्यभार ग्रहण किया है । इरेडा में जॉइन करने से पहले, श्री अजय कुमार साहनी ,भारतीय रेलवे के बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी के उप मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत थे। ।

इससे पहले, उन्होंने मनाली, हिमाचल प्रदेश में प्रोजेक्ट 'दीपक 1059 बीआरटीएफ ' के तहत सीमा सड़क इंजीनियरिंग सेवाओं में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में कार्य किया।

भारतीय रेलवे में, उनके पास विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का अनुभव है जैसे वैगनों का रखरखाव, 140 टन रेल क्रेन का संचालन और रखरखाव, दुर्घटना राहत ट्रेनें और दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन, चालक दल का प्रबंधन, डीजल इंजनों का रखरखाव और संचालन, परिष्कृत सीएनसी व्हील ट्यूनिंग और एक्सल टर्निंग लेथ मशीनों आदि की स्थापना और रखरखाव शामिल है । उन्होंने पूर्वी रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में काम किया है।

श्री अजय कुमार साहनी असम के जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) हैं।